NCERT
National Council Of Educational Research And Training

NCERT Solutions for 3rd Class Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 21-तरह -तरह के परिवार

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 3rd Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 21-तरह -तरह के परिवार

Class 3: पर्यावरण अध्ययन Chapter 21 solutions. Complete Class 3 पर्यावरण अध्ययन Chapter 21 Notes.

## NCERT Solutions for Class 3rd Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन): Chapter 21-तरह -तरह के परिवार

NCERT 3rd पर्यावरण अध्ययन Chapter 21, class 3 पर्यावरण अध्ययन Chapter 21 solutions

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-3rd-class-environmental-science-paryavaran-adhyayan-chapter-21-tarah-tarah-ke-pariwar/

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 137)

### आओ अब खेल के बारे में कुछ बातें करें

➢ जब तुम सही संख्या के गुट में शामिल हुए तो तुम्हें कैसा लगा? क्यों?

**उत्तर** जब मैं सही संख्या के गुट में शामिल हुआ तो मुझे बहुत अच्छा लगा। मुझे किसी गुट का हिस्सा बने होने का अहसास हुआ।

➢ अगर तुम किसी गुट में शामिल न हो पाए तब तुम्हें कैसा लगा? क्यों?

**उत्तर** जब मैं किसी गुट में शामिल न हो पाया तो मुझे बहुत बुरा लगा। मैं अलग-थलग महसूस करने लगा।

➢ क्या तुम्हें लोगों के साथ रहना पसंद है?

**उत्तर** हाँ मुझे लोगों के साथ रहना पसंद है।

➢ तुम किन-किन के साथ रहना पसंद करते हो?

**उत्तर** मैं अपनी बहन के साथ रहना ज्यादा पसंद करता हूँ।

➢ अगर तुम्हें हमेशा अकेले ही रहना पड़े तो तुम्हें कैसा लगेगा?

**उत्तर** अगर मुझे हमेशा अकेले ही रहना पड़े तो मुझे बहुत बुरा लगेगा।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 138)

➢ ये लोग एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं?

**उत्तर** नागराजन और गुरलीन, तान्या और समर के माता-पिता हैं। तान्या और समर बहन-भाई हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 139)

### सीताम्मा

➢ सीताम्मा के परिवार में कौन-कौन हैं?

**उत्तर** सीताम्मा के परिवार में निम्न लोग रहते हैं—सीताम्मा, माँ, पिता, बहन, गीताम्मा, दादी, दादा, बुआ, ताउजी, ताउजी के तीन बच्चे, बड़े चाचा, छोटे चाचा और चाची।

➢ इन अलग-अलग लोगों का आपस में कैसा रिश्ता है?

**उत्तर** ताउजी, पिताजी, बड़े चाचा और छोटे चाचा चार भाई हैं। उनकी एक बहन हैं—बुआ। ये पाँचों दादा और दादी के बच्चे हैं। गीताम्मा और सीताम्मा दो बहनें हैं। ताउजी पिताजी के बड़े भाई हैं। बड़े चाचा और छोटे चाचा पिताजी के छोटे भाई हैं।

➢ इस परिवार में पिछले साल में क्या-क्या बदलाव आए हैं?

**उत्तर** इस परिवार में पिछले साल में निम्नलिखित बदलाव आए हैं—

- ताईजी की मृत्यु
- बड़े चाचा की शादी।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 140)

### तारा

➢ तारा की देखभाल कौन करता है? कैसे?

**उत्तर** तारा की देखभाल उसके नाना करते हैं। वे उसे खाना खिलाते हैं, होमवर्क में उसकी मदद करते हैं और उसके साथ खेलते हैं।

➢ परिवार के लोग मिलकर क्या-क्या करते हैं?

**उत्तर** वे कहीं दूर घूमने निकल जाते हैं, और खूब मजे करते हैं।

### सारा और हबीब

- इस परिवार में कौन-कौन हैं?

**उत्तर** इस परिवार में सारा, हबीब और हबीब के अब्बू रहते हैं।

- पिताजी को सब के साथ टी.वी. देखने में ज्यादा मजा आता है। क्यों?

**उत्तर** अकेले टी.वी. देखने में बोरियत हो सकती है। इसलिये, पिताजी को सब के साथ टी.वी. देखने में ज्यादा मजा आता है।

- परिवार के लोग कैसे मजे करते हैं?

**उत्तर** छुट्टी के दिन पड़ोस के बच्चे घर में खूब धमाल मचाते हैं। सब साथ मिलकर मजे करते हैं—कभी खेल-कूद कर, कभी घूमने जाकर, कभी नाटक देखकर।

### एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 141)

### तोताराम

- तोताराम के परिवार के लोग एक-दूसरे से संपर्क कैसे बनाए रखते हैं?

**उत्तर** तोताराम अपनी माँ को चिट्ठी लिखता है। वे साल में एक बार अपने गाँव जाते हैं। इस तरह से वे एक-दूसरे से संपर्क बनाए रखते हैं।

- तोताराम के परिवार में कौन-कौन से लोग शहर में रहते हैं? और कौन-से गाँव में? क्यों?

**उत्तर** तोताराम, उसके पिता, चाचा और चचेरे भाई शहर में रहते हैं। तोताराम के पिता और चाचा शहर में काम करते हैं। तोताराम और उसके चचेरे भाई पढ़ते हैं। तोताराम की माँ, दादी, चाची और छोटे भाई-बहन गाँव में रहते हैं।

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 142)

## कृष्णा और कावेरी

➢ कृष्णा अपनी बहन का ध्यान कैसे रखता है?

**उत्तर** कॉलेज जाने से पहले कृष्णा अपनी बहन को स्कूल छोड़ता है। कॉलेज से आने के बाद, वह कावेरी को खाना खिलाता है और खुद भी खाता है।

➢ परिवार में क्या-क्या काम इकट्ठे करते हैं?

**उत्तर** पिताजी, कृष्णा और कावेरी साथ-साथ तैयार होते हैं और घर से बाहर निकलते हैं। शाम में वे साथ में खाना बनाते हैं और खाते हैं।

➢ परिवार में क्या-क्या होता है?

**उत्तर** परिवार में निम्नलिखित बातें होती हैं–

- लोग एक साथ रहते हैं।
- लोग एक-दूसरे की देखभाल करते हैं।
- लोग एक साथ खाना खाते हैं।
- लोग एक साथ टी. वी. देखना, खेलना और बाहर घूमना पसंद करते हैं।
- बड़े लोग पैसे कमाने के लिए काम करते हैं।
- बच्चे पढ़ाई करते हैं।

दिए गए वाक्यों में जो परिवार में होता है उन पर ✓ का निशान लगाओ–

- एक परिवार के लोग अक्सर एक-दूसरे जैसे दिखते हैं। ✓
- परिवार के लोगों को एक-दूसरे से बहुत प्यार होता है। ✓
- एक परिवार में जन्म होने से या शादी होने से हम उस परिवार का हिस्सा हो जाते हैं। ✓
- परिवार के लोग अक्सर एक घर में एक साथ रहते हैं। ✓
- परिवार के बड़े लोग अपने परिवार के लिए पैसे कमाते हैं। ✓
- परिवार के लोगों का आपस में झगड़ा हो तो भी साथ रहते हैं। ✓
- परिवार में बच्चों और बूढ़ों की देखभाल होती है। ✓

➢ अपने परिवार की कुछ और बातें सोचो और खाली जगह में लिखो।

**उत्तर** पुरुष सदस्य पैसे कमाने के लिए काम करते हैं। महिला सदस्य घर के काम-काज सँभालती हैं।

## सीताम्मा का परिवार

➢ चलो अब तुम भी अपने परिवार का इसी तरह चित्र अपनी कॉपी में बनाओ। इसके लिए किसी बड़े की मदद लो। मदद के लिए सीताम्मा के परिवार का चित्र देखो।

**उत्तर** स्वयं करो।

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 3 Environmental Science –(पर्यावरण अध्ययन) :


- Chapter 1-डाल -डाल पर ,ताल -ताल पर
- Chapter 2-पौधों की परी
- Chapter 3-पानी रे पानी
- Chapter 4-हमारा पहला स्कूल
- Chapter 5-छोटू का घर
- Chapter 6-खाना अपना -अपना
- Chapter 7-बिन बोले बात
- Chapter 8-पंख फैलाए उड़ते जाए
- Chapter 9-बादल आये बारिश लाए
- Chapter 10-पकाएं खाए
- Chapter 11-यहां से वहा
- Chapter 12-काम अपने -अपने
- Chapter 13-धूकर देखें
- Chapter 14-कहां से आया ,किसने पकाया?
- Chapter 15-आओ बनाएं बर्तन
- Chapter 16-खेल खेल में
- Chapter 17-चिटठी आयी है
- Chapter 18-ऐसे भी होते हैं घर
- Chapter 19-हमारे साथी जानवर
- Chapter 20-बूंद -बूंद से
- Chapter 21-तरह -तरह के परिवार
- Chapter 22-दायां -बायां
- Chapter 23-कपड़ा सजा कैसे
- Chapter 24-जीवन का जाल

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act.  The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.